**<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>**

**सितंबर, 2020 का सारांश**

<u>सितंबर, 2020 माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार हैं:</u>

1. **पीएमकेवीवाई 3.0 (2020-21) स्कीम का अनुमोदन** - सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में दिनांक 17 सितंबर 2020 को हुई व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 (2020-21) को अनुमोदित किया गया था। नई पीएमकेवीवाई 3.0 स्कीम (2020-2021) का लक्ष्य 948.90 करोड़ रुपए के परिव्यय से 2020-21 के दौरान 8 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना है। दिशानिर्देश और अपेक्षित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) वर्तमान में तैयार की जा रही हैं। यह स्कीम अक्टूबर 2020 में शुरू की जाएगी।
2. **प्रशिक्षण केंद्रों को पुन: शुरू करना** - कौशल प्रशिक्षण को 21 सितंबर, 2020 से पुन: शुरू करने की, गृह मंत्रालय से अनुमति मिलने के साथ ही प्रशिक्षण केंद्रों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित सामाजिक दूरी और स्वच्छता मानदंड सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और रूपरेखा तैयार की गई है। इस संबंध में विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया/दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं और इन्हें सभी प्रशिक्षण वर्टिकल- आईटीआई, पीएमकेवीवाई और शिक्षुता के लिए प्रकाशित किया गया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह में दीर्गावधि और अल्पावधि दोनों में आंशिक रूप से प्रशिक्षण शुरू हो गए हैं, हालांकि कुछ राज्यों ने अक्टूबर में ही इसे शुरू करने की योजना बनाई है।
3. **शिक्षुता परीक्षाओं का संचालन**: 110 शिक्षुता प्रशिक्षण स्कीम (एटीएस) अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा (एआईटीटी) (पहला दौर) 18.09.2020 से 22.09.2020 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। उपस्थिति लगभग 80% थी। कुल 1,17,283 पंजीकरण में से, परीक्षा के लिए लगभग 94,000 प्रशिक्षु उपस्थित हुए।
4. **सीआईटीएस प्रवेश परीक्षा:** 2020-21 सत्र के लिए शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस) में प्रवेश के लिए 16 और 17 सितंबर, 2020 को देश भर के 83 केंद्रों पर अखिल भारतीय समान प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 32329 उम्मीदवारों ने भाग लिया/उपस्थित हुए जिनमें से 49205 अनुसूचित उम्मीदवार थे।
5. **सीटीएस प्रवेश परीक्षा**: राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में 2020-21 सत्र के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) हेतु केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया (सीटीएस) (पहली बार) के पंजीकरण 30 सितंबर तक खुले हैं।

6. **प्रवासी श्रमिक प्रशिक्षण** - एमएसडीई ने जीकेआरए के तहत 116 चिन्हित जिलों में वापस लौटकर आए प्रवासियों के लिए एक कौशलीकरण/प्रमाणन कार्यक्रम शुरू किया है। प्रशिक्षण/अभिविन्यास के लिए उम्मीदवारों की कौशल मैपिंग और चयन का कार्य पूरा हो गया है। प्रशिक्षण प्रदाता चयन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है और गृह मंत्रालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम को पुन: शुरू करने का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, प्रशिक्षण शुरू करने की अंतिम चयन प्रक्रिया चल रही है।
7. **एनसीवीईटी का कार्यकरण:** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के जनादेश के अनुसरण में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में लगे संस्थानों के कामकाज को विनियमित करने के लिए, "अवार्डिंग निकायों को मान्यता के लिए दिशानिर्देशों" और "आकलन एजेंसियों की मान्यता और विनियमन के दिशानिर्देशों” अनेक हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद तैयार किया गया है। अंतिम रूप देने से पहले उन्हें आगे की टिप्पणियों/सुझावों के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है
8. **एनएसक्यूसी बैठक**: एनसीवीईटी के तहत, राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की दूसरी बैठक, 22 सितंबर, 2020 को सचिव, एमएसडीई, और अध्यक्ष, एनसीवीईटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, जिसमें 24 अर्हताओं को अनुमोदित किया गया था और 15 को सशर्त रूप से अनुमोदित किया गया था। इसके साथ अब तक कुल 3950 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ़ के साथ संरेखित किया जा चुका है।
9. **कौशलाचार्य पुरस्कार 2020** - कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने दिनांक 10 सितंबर 2020 को, कुछ असाधारण शिक्षकों और कौशल प्रशिक्षकों को पहचान दिलाने और कौशल ईकोसिस्टम में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के समारोह "कौशल्याचार्य पुरस्कार 2020" के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। पांच पुरस्कार श्रेणियों में कुल 92 शिक्षकों/प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।
10. **क्षेत्र कौशल परिषद**: अल्प अवधि प्रशिक्षण प्रणाली की बाधाओं पर चर्चा करने और आगे का रास्ता खोजने के लिए क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ तीन दिनों तक विस्तृत परामर्श बैठक हुई।
11. **एमईएस पाठ्यक्रम**- आदर्श रोजगारपरक कौशल (एमईएस) पाठ्यक्रमों को एसएससी को अंतरित किए जाने के कारण उत्पन्न हुए मुद्दों के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा अन्य हितधारकों के साथ समाधान प्रक्रिया शुरू की गई है।
12. **उमंग प्लेटफॉर्म पर पीएमकेवीवाई स्कीम की ऑन-बोर्डिंग** - पीएमकेवीवाई स्कीम को सफलतापूर्वक उमंग प्लेटफ़ॉर्म पर ऑन-बोर्ड किया गया है। पीएमकेवीवाई स्कीम की विभिन्न सेवाएं उमंग प्लेटफॉर्म पर निम्नानुसार हैं:

    क. उम्मीदवार पंजीकरण

ख. प्रशिक्षण केंद्र की खोज

ग. स्थिति का पता लगाना

इसके अलावा, उमंग एप्लिकेशन के साथ शिक्षुता पोर्टल के एकीकरण के लिए एपीआई को विकसित किया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए उमंग की टीम को सौंप दिया गया है।

13.**पीएमएसएसवाई के साथ तालमेल**: प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएसएसएसवाई) के तहत कौशल घटक को आवश्यक समर्थन देने के लिए मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय को एक अ. शा. पत्र भेजा गया।

14.**शिक्षुता संवर्धन:** सभी राज्य शिक्षुता सलाहकारों को, ऐसे उद्योगों, जिनके पास 30 और उससे ऊपर कामगार हैं, की सूची के साथ एक इस अनुरोध के साथ एक पत्र प्रेषित किया गया है कि, वे इन उद्योगों को शिक्षुता प्रशिक्षण के दायरे में लाने के लिए इन उद्योगों से संपर्क करने की कार्रवाई/आरंभ करें।

15.**जेएसएस सुधार करना:** जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) की पाठ्यचर्या में सुधार करने और नया स्वरूप देने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। पहले चरण के दौरान, एनएसक्यूएफ ढांचे के तहत पुनर्निर्देशन और संरेखण के लिए प्रशिक्षण महानिदेशक (डीजीटी) के साथ 45 व्यावसायिक पाठ्यक्रम का विवरण साझा किया गया।

16.**उद्यमशीलता स्कीम पीएम-उम्मीद** - उद्यमशीलता विकास में उत्कृष्टता के लिए नव प्रस्तावित उद्यमशीलता स्कीम पीएम उद्यमी मित्र संबंधी संकल्पना नोट (पीएम-उम्मीद) को वित्त विभाग, वित्त मंत्रालय की सलाह के अनुसार हितधारकों मंत्रालयों/विभागों को उनके विचारों/टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया है।

17.**आईआईएस पर आईएमईसी बैठक**: भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) की स्थापना के लिए अंतर मंत्रालयी अधिकार प्राप्त समिति (आईएमईसी) की 5 वीं बैठक दिनांक 29.9.2020 को सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस बैठक के दौरान आईआईएस, मुंबई के परिचालन समझौते तथा डीपीआर और आईआईएस, कानपुर के आरएफ़पी को मंजूरी दी गई।

18.**एनएसटीआई वेबसाइटों का उद्घाटन**: कौशल्याचार्य पुरस्कार समारोह 2020 के दौरान माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा सभी 33 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) (समान टेम्पलेट) की वेबसाइटों का दिनांक 10 सितंबर 2020 को उद्घाटन किया गया।

19.**संकल्प पोर्टल का शुभारंभ**: संकल्प (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता) वेब-पोर्टल 18 सितंबर 2020 को प्रारम्भ किया गया। गो-लाइव में (i) स्टेट

बेस्ट प्रैक्टिस मॉड्यूल; (ii) कार्यक्रम प्रबंधन उपकरण; (iii) राज्य प्रस्ताव प्रबंधन प्रणाली; (iv) राज्य प्रोत्साहन अनुदान; (v) निगरानी और मूल्यांकन उपकरण; और (vi) डीएसडीपी पुरस्कार शामिल हैं।

20. **ऑनलाइन डीएसडीपी टूलकिट प्रारम्भ:** जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) टूलकिट का ऑनलाइन संस्करण 24 सितंबर 2020 को संकल्प वेब-पोर्टल पर लाइव किया गया था। डीएसडीपी टूलकिट योजना, कार्यान्वयन और निगरानी में जिले के अधिकारियों की उनके जिलों में कौशल विकास की पहल में सहायता करेगी।
21. **आकांक्षी जिले:** इन जिलों में जिला कौशल समिति (डीएससी) के गठन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 3 सितंबर 2020 को सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में विभिन्न कौशल विकास पहलों की योजना और कार्यान्वयन में डीएससी द्वारा निभाई गई भूमिका पर 73 आकांक्षी जिलों के जिला कलेक्टरों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस हुई।
22. **स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता:** कामगारों की गतिशीलता और प्रवासन के लिए विभिन्न देशों (15) के स्वास्थ्य क्षेत्र जॉब रोलों की मैपिंग में प्रगति करने के प्रयास सख्ती से किए गए। इस संबंध में विदेश मंत्रालय और सभी देशों के दूतावासों को विभिन्न देशों के नियामक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अनुरोध करते हुए, अनुस्मारक/ईमेल भेजे गए। विभिन्न गंतव्य देश में स्वास्थ्य पेशेवरों की विभिन्न श्रेणी/ट्रेडों में उच्च मांग के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के नियोक्ताओं/नियोक्ता संघ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वेब आधारित बैठक के लिए भी अनुरोध किए गए।
23. **स्विट्जरलैंड के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र सहयोग**: स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए स्विस फेडरल डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स, एजुकेशन एंड रिसर्च (ईएईआर) के तहत शिक्षा, अनुसंधान और नवोन्मेष राज्य सचिवालय के लिए एक अवधारणा नोट तैयार किया गया है। यह स्विट्जरलैंड में भारत के दूतावास को भेजा गया था।
24. **ऑस्ट्रेलिया के साथ कौशल साझेदारी**: केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री ने श्री बैरी ओ'फारेल, भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त के साथ दिनांक 30.09.2020 को दोनों देशों के बीच व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में सहयोग के लिए दिनांक 03.06.2020 को हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के संबंध में एक आभासी बैठक आयोजित की गई थी। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के माननीय प्रधान मंत्रियों के बीच दिनांक 4 जून, 2020 को हुई भारत-ऑस्ट्रेलिया नेताओं के आभासी शिखर सम्मेलन की अनुवर्ती कार्रवाई थी।
25. **राजभाषा पखवाड़ा:** 14 सितंबर 2020 से 28 सितंबर, 2020 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया था।

26.**समाचार पत्रिका का प्रारम्भ**: डीजीटी ने एक इन-हाउस संपादकीय दल और निमि, चेन्नई के रचनात्मक सहयोग और मार्गदर्शन के साथ, डीजीटी और उसके ईकोसिस्टम-एनएसटीआई, आरडीएसडीई, राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के निदेशालयों और आईटीआई द्वारा की गई विभिन्न कुशल गतिविधियों और पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए मासिक समाचार पत्रिका स्किल टेल्स प्रारम्भ की है। स्किल टेल्स विभिन्न गतिविधियों और उद्योग संबद्धता आदि सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कौशल ईकोसिस्टम के बारे में जागरूकता पैदा करेगी।

*****